कदम उठायेगी ; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1990–91 के दौरान मोटे तौर पर तिलहनों का 19.1 मिलियन मीटरी टन उत्पादन होने का अनुमान है ।

(ग) और (घ) तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि के कारण खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ी है । लेकिन, अब भी स्वदेशी उपलब्धता तथा कुल मांग में अन्तर है । खाद्य तेलों में वृद्धि के कारण हैं– तेल के उत्पादन के लिये आदानों की लागत में वृद्धि, परिवहन के भाड़े में वृद्धि, खाद्य तेलों की घरेलू मांग तथा स्वदेशी सप्लाई में अन्तर जिसे आयात के जरिये पूरा नहीं किया जा सका, जमाखोरी की शक्तियां, घन सप्लाई में बढ़ोतरी , और अर्थ-व्यवस्था में मुद्रा स्फीति की प्रवृत्ति ।

(ङ) तिलहनों तथा खाद्य तेलों संबंधी समेकित नीति में उत्पादकों को अधिक उत्पादन के लिये लाभकारी मूल्य दिलाना तथा उपभोक्ताओं को उचित मूल्यों पर खाद्य तेल दिलाना शामिल है । वर्तमान नीति में उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों के बीच ताल-मेल बैठाने का प्रयास निहित है । उपभोक्ताओं को और अधिक राहत देने के लिये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा धारा ब्रांड खाद्य तेल की बिक्री में वृद्धि करने के प्रयास किये जा रहे हैं ।

रेलवे द्वारा जारी किये गये पास

923. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में रेलवे द्वारा जारी कितने पास प्रचलन में है ;

(ख) उनमें से कितने पास क्रमशः स्वतंत्रता सेनानियों, संसद सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अन्य कार्यकर्ताओं एवं रेल अधिकारियों/कर्मचारियों को दिये गये है ; और

(ग) क्या सरकार के समक्ष इन पासों द्वारा किसी प्रकार की धोखाधड़ी किये जाने का मामला आया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) संभवतः माननीय सदस्य का आशय जारी किये गये मानार्थ कार्ड पासों से है । 20–7–1991 को वैध मानार्थ कार्ड पासों की संख्या 139 है ।

(ख) मौजूदा मार्ग-निर्देशों/प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर इस तरह के मानार्थ कार्ड पास जारी किये जाते हैं जिसके अन्तर्गत मोटे तौर पर जाने माने व्यक्ति और अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक, खेलकूद और शैक्षणिक गतिविधियों में लगे संगठन आते हैं । अतः जिन सामाजिक कार्यकर्ताओं को ये पास जारी किये गये हैं उनका ब्यौरा देना कठिन होगा । स्वतंत्रता सेनानियों, आसन्न संसद सदस्यों और रेल कर्मचारियों को भिन्न-भिन्न किस्म के पास जारी किये जाते हैं और ये पास उपर्युक्त पासों में शामिल किये जाते हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

तिलहनों और दलहनों के लिए बीजों की नई किस्म और नई प्रौद्योगिकी

924. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने हाल ही में नई तकनीकों के साथ तिलहनों और दलहनों की अधिक उपज देने वाली बीजों की नई किस्म का विकास किया है ;